

# अपनी बात

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

अंक : 537 वर्ष 42

राँची, 15 नवम्बर, 2018 (विशेषांक)

## सत्यनिष्ठा शपथ एवं जागरूकता मार्च के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह का सफल आयोजन




"सतर्कता जागरूकता मार्च" में शामिल सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव, निदेशकगण एवं अन्य



समारोह में उपस्थित सीवीओ श्री ए. के. श्रीवास्तव एवं निदेशकगण

"भ्रष्टाचार मिटाओं – नया भारत बनाओं" पर केन्द्रित सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों व ईकाईयों में 29 अक्टूबर से 03 नवंबर तक "सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2018" मनाया गया। सतर्कता जागरूकता सप्ताह की शुरूआत 23 अक्टूबर को सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव के मार्गनिर्देशन में पेन्टिंग और एलोक्यूशन प्रतियोगिता के साथ हुआ। विगत 29 अक्टूबर को पूरे सीसीएल में वृहद पैमाने पर "सत्यनिष्ठा शपथ" एवं "सतर्कता जागरूकता मार्च" का आयोजन किया गया। मुख्यालय से सीसीएल जवाहर नगर क्लब तक सतर्कता जागरूकता मार्च में सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव, नि. (वित्त) श्री डी.के. घोष, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (यो./परि.) श्री वी. के. श्रीवास्तव, सीसीएल कर्मियों सहित सैकड़ों बच्चें "भ्रष्टाचार मिटाओं – नया भारत बनाओं" के संदेश को प्रदर्शित करते हुए इस जागरूकता मार्च में भाग लिया।

सीवीओ श्री ए के श्रीवास्तव ने इस अवसर पर सभी को प्रेरित करते हुए कहा कि "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" का मुख्य उद्देश्य सतर्कता की बदलती भूमिका के प्रति कर्मियों के साथ–साथ स्टेकहोल्डर्स को जागरूक करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हम निवारक सतर्कता से अग्रसक्रिय (प्रो–एक्टिव) सतर्कता की ओर बढ़ रहे हैं जो वर्तमान प्रणाली को और बेहतर, उत्तरदायी एवं पारदर्शी बनायेगी।

नि. (का.) श्री आर एस महापात्र ने उपस्थित सभी को "सत्यनिष्ठा की शपथ" दिलवायी। नि. (वित्त) श्री डीके घोष ने माननीय राष्ट्रपति और नि. (यो./परि.) श्री वी के श्रीवास्तव ने माननीय उपराष्ट्रपति और श्री महापात्र ने सीवीसी का संदेश उपस्थित सभी के समक्ष पढ़ा।

अवसर विशेष पर सीवीओ, निदेशकगण द्वारा "सतर्कता जागरूकता रथ" को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भ्रष्टाचार निवारण से संबंधित संदेशों से सजाए गए रथ को आमजन के बीच सत्यनिष्ठा, नैतिकता और अच्छे आचरण के प्रति जागरूकता हेतु रांची शहर में संचारित किया गया।

## नुक्कड़ नाटक द्वारा भ्रष्टाचार मिटाकर नये भारत के निर्माण का संदेश



सीवीओ श्री ए.के. श्रीवास्तव सम्बोधित करते हुए

विगत 30 अक्टूबर को नुक्कड़–नाटक के माध्यम से "भ्रष्टाचार मिटाओं – नया भारत बनाओं" का आयोजन मुख्यालय, रांची में किया गया।

नाटक में भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए यह संदेश दिया गया कि भ्रष्टाचार किस प्रकार देश एवं समाज के संसाधनों और मूल्यों को घुन लगा रहा है। नाटक के माध्यम से यह दर्शाया गया कि किसी भी राष्ट्र, समाज या संस्थान के विकास के लिए नैतिक मूल्य जैसे सत्यानिष्ठा, ईमानदारी, पारदर्शिता, निष्पक्षता अत्यंत आवश्यक हैं। कलाकारों ने यह संदेश भी दिया कि जब तक हम अपने सिस्टम और समाज को भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं कर देते तब तक नए भारत के निर्माण का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता है।

अपने संबोधन में सीवीओ श्री ए के श्रीवास्तव ने नुक्कड़ नाटक के कलाकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारे देश से भ्रष्टाचार को समाप्त करने में एक–एक व्यक्ति की अहम भूमिका है और सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कोई भी व्यक्ति उस बदलाव का अग्रदूत बन सकता है।

इस अवसर पर नि. (वित्त) श्री डी.के. घोष, नि. (का.) श्री आर.एस. महापात्र, नि. (यो./परि.) श्री वी.के. श्रीवास्तव, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्यात में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

## अंतर विद्यालय एलोक्यूशन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



विजयी प्रतिभागी को पुरस्कृत करते सीएमडी

विगत 31 अक्टूबर को मुख्यालय, रांची में अंतर विद्यालय एलोक्यूशन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित 23 स्कूलों से चयनित छात्रों के बीच किया गया।

प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार वितरित करते हुए सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने छात्रों से कहा कि इस देश की भविष्य की कुंजी आपके हाथों में है और आप सभी अपनी मेहनत और लगन से नये भारत का निर्माण करें। उन्होंने विद्यार्थियों को न सिर्फ अच्छे मूल्यों और संस्कारों को अपनाने बल्कि समय प्रबंधन, कड़ी मेहनत और जुनून से अपने लक्ष्यो को प्राप्त करने का संदेश दिया।

विजयी प्रतिभागियों के नाम इस प्रकार हैं: पेंटिंग प्रतियोगिता क्रमशः लक्ष्मी राज गुप्ता (सुरेंद्रनाथ शताब्दी स्कूल, रांची), भाव्या उपाध्याय (डीएवी, गांधीनगर रांची), हेमंत राज (सुरेंद्रनाथ शताब्दी स्कूल, रांची) (एलोक्यूशन (हिंदी) :क्रमश–ईशा कश्यप (डीएवी रजरप्पा), जया प्रियदर्शनी (डीएवी ढोरी), रिफ़ (डीएवी, आरा, कुजू) ( एलोक्यूशन (अंग्रेजी) क्रमशः नंदिनी (डीएवी गांधीनगर, रांची), श्रेया सिंह (डीएवी, बरियातू, रांची), हर्षिता सिन्हा (उर्सुलिन पब्लिक स्कूल, खलारी)

इसी तरह मुख्यालय तथा क्षेत्रों में भी स्लोगन लेखन, एलोक्यूशन, चित्रकारी प्रतियोगिता और अधिकारियों के लिए "अनुशासनात्मक कार्यवाही एवं एपीआर भरना" पर कार्यशाला का आयोजन कर सभी को "भ्रष्टाचार मिटाओं – नया भारत बनाओं" का संदेश देते हुए भ्रष्टाचार मुक्त भारत हेतु जागरूक ओर प्रेरित किया गया। इसी तरह जेएसएसपीएस कैडेटस के बीच मैराथन दौड़ का भी आयोजन किया गया।



स्मारिका का विमोचन करते सीएमडी, सीवीओ एवं निदेशकगण

### भ्रष्टाचार मिटाओ – नया भारत बनाओ

- ईमानदारी से ज्यादा मूल्यवान कोई दूसरी विरासत नहीं है।
- भ्रष्टाचार विकास के उज्ज्वल पक्षों को धूमिल कर देता है।
- ऐसा कुछ न करें जिसे पकड़े जाने पर मिटाने की चाह उभरे।
- सतर्कता आपके अंतःकरण की प्रतिध्वनि।
- भ्रष्टाचार – एक शत्रु जो हमारे अंदर भी है और बाहर भी।
- ईमानदारी पालन अपनी जिम्मेवारी, यह भ्रष्टाचार पर पड़ती भारी।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं का दृश्य



सुरेन्द्रनाथ सेनेटरी स्कूल, दीपाटोली, रांची



आईएसएम, पुन्दाग, रांची



केन्द्रीय विद्यालय, राजेन्द्रनगर, रांची



एक्सआईएसएस, रांची



डीएवी बरियातू, रांची



डीएवी गांधीनगर, रांची

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)